रजिस्ट्री सं. डी. (डी.)-72 REGISTERED No. D. (D)-72

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 151] नई दिल्ली, शुक्रवार, अप्रैल 3, 1981/चैत्र 13, 1903
No. 151] NEW DELHI, FRIDAY, APRIL 3, 1981/CHAITRA 13, 1903

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

## वाणिज्य मंत्रालय

आयात व्यापार नियंत्रण

आदेश संख्या-1/81

खुला सामान्य लाइसेंस संख्या 1/81

नई दिल्ली, 3 अप्रैल, 1981

का० आ० 269(अ):—आयात एवं निर्यात (नियंत्रण) अधिनियम, 1947 (1947 का 18) के खंड-3 द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्-द्वारा दक्षिणी अफ्रीका/दक्षिणी पश्चिमी अफ्रीका संघ को छोड़ कर, किसी भी देश से भारत में कच्चे माल और संघटकों को वास्तविक उपयोक्ता (औद्योगिक) द्वारा निम्नलिखित शर्तों के अधीन आयात करने की सामान्य अनुमति देती है:—

(1) आयात की जाने वाली मदें आयात-नीति 1981-82 के परिशिष्ट 3, 5, 6, 7, 8, 9 और 15 के अन्तर्गत नहीं आती हैं।

(2) आयात की जाने वाली मदें वे मदें न हों जिनका आयात पृथक खुले सामान्य लाइसेंस के अधीन, राज्य सरकारों/संघ शासित क्षेत्रों के पात्र निर्यात मदनों और लघु उद्योग निगमों के लिए अनुमेय है।

(3) इस लाइसेंस के अधीन उपकरण आयात करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(4) कच्चे माल एवं संघटक वास्तविक उपयोक्ता शर्तों के अधीन हों अर्थात सम्बद्ध वास्तविक उपयोक्ताओं (औद्योगिक) के खुद के उपयोग के लिए अपेक्षित हों।

(5) वास्तविक उपयोक्ता इस लाइसेंस के अधीन आयात की गई मदों के उपभोग एवं उपयोग का निर्धारित प्रपत्र एवं विधि अनुसार उचित लेखा रखेगा और ऐसे लेखे को लाइसेंस प्राधिकारी या अन्य सरकारी प्राधिकारी को उनके द्वारा विनिर्दिष्टिकृत समय के भीतर प्रस्तुत करेगा।

(6) माल की निकासी के समय, वास्तविक उपयोक्ता (औद्योगिक) वास्तविक उपयोक्ता के रूप में सम्बद्ध प्राधिकरण के पास अपने लाइसेंस पंजीकरण के विवरण देते हुए और इस बात की पुष्टि करते हुए कि इस प्रकार का पंजीकरण रद्द नहीं किया गया है या वापिस नहीं लिया गया है या अन्यथा रूप से उपयोग नहीं किया गया है, एक घोषणा पत्र सीमा शुल्क प्राधिकरण को भेजेगा। उन मामलों में जहां सम्बद्ध प्रायोजक प्राधिकरण

द्वारा अलग से लाइसेंस पंजीकरण संख्या नहीं दी गई है, आयातक को सीमा शुल्क प्राधिकरण के सन्तुष्टी के लिए इस सम्बन्ध में अन्य प्रमाण प्रस्तुत करने होंगे कि वह लाइसेंसधारी है, औद्योगिक एकक के रूप में पंजीकृत है।

(7) जिन वास्तविक उपयोक्ताओं (औद्योगिक) के पास प्रायोजक प्राधिकरणों के अस्थायी पंजीकरण है, वे भी इस लाइसेंस के अधीन कच्चे माल और संघटक आयात करने के लिए पात्र होंगे।

(8) जिन वास्तविक उपयोक्ताओं (औद्योगिक) के पास प्रायोजक प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया ऐसा पंजीकरण प्रमाणपत्र है जिसे विशेषरूप से "प्रस्तावित" चिन्हित किया गया है वे भी कच्चा माल, संघटक और उपभोज्य आयात करने के लिए इस लाइसेंस के अधीन पात्र हैं, परन्तु उनके मामले में वास्तविक उपयोक्ता की ओर से राज्य औद्योगिक विकास निगम या राज्य वित्तीय निगम को आयात की अनुमति केवल तब होगी जबकि निकासी के समय यह साक्ष्य प्रस्तुत किया जाए कि सम्बद्ध वास्तविक उपयोक्ता ने आयातित माल के लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य के 25 प्रतिशत के बराबर मूल्य के लिए एक बान्ड बैंक गारन्टी के साथ इस सम्बन्ध में भेजा है कि वास्तविक उपयोक्ता उत्पादन करने वाले यूनिट के समर्थन में प्रायोजक प्राधिकारी से एक प्रमाणपत्र सम्बद्ध लाइसेंस प्राधिकारी को प्रस्तुत करेगा।

(9) बड़े पैमाने क्षेत्र के सभी औद्योगिक एकक इस लाइसेंस के अधीन आयात की गई मदों के ब्योरे और मूल्य को दर्शाते हुए मद के लिए यथा उपयुक्त एक आवधिक विवरण महानिदेशक, तकनीकी विकास नई दिल्ली या अन्य सम्बद्ध प्राधिकारियों और इलैक्ट्रानिक विभाग को भेजेंगे। लघु पैमाना-क्षेत्र के औद्योगिक एककों को उसी प्रकार के विवरण सम्बद्ध क्षेत्रीय आयात लाइसेंस प्राधिकारियों को भेजने चाहिए। ये विवरण 30 सितम्बर, 1981 और 31 मार्च, 1982 को भेजे जायेंगे। ऐसा प्रत्येक विवरण दर्शाई गई अवधि के समाप्त होने के 15 दिनों के भीतर भेजा जाएगा।

(10) ये लाइसेंस आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 की अनुसूची-5 की शर्त-1 के अधीन भी होगा।

(11) मानव निर्मित रेशों, मोटे सन और सनों के सम्बन्ध में पात्र आयातकों को अपनी संविदाएं वस्त्र आयुक्त बम्बई के पास पंजीकृत करवानी चाहिए। आयात तभी किए जाएंगे जब संबंधित संविदाओं पर वस्त्र आयुक्त, बम्बई द्वारा ऐसे पंजीकरण के साक्ष्य के रूप में मोहर लगा दी गई हो। इस उद्देश्य के लिए संविदा की दो प्रतियां वस्त्र आयुक्त के पास रखी जाएंगी और वह पार्टी को एक प्रति वापिस कर देगा जिसके प्रत्येक पृष्ठ पर विधिवत मोहर लगी होगी।

(12) जैसा कि ऊपर 11 में दिया गया है, वस्त्र आयुक्त, बम्बई के पास संविदा के पूर्व पंजीकरण से संबंधित शर्तों के अधीन पात्र वास्तविक उपयोक्ताओं के वितरण के लिए मानव-निर्मित रेशे, मोटा सन और सनों भी इस लाइसेंस के अधीन भारतीय राज्य रासायन एवं भेषज निगम (सी० पी० सी०) द्वारा आयात किए जा सकते है।

(13) केपरोलेक्टम के आयात के मामले में आयात की स्वीकृति केवल पेट्रोलियम रासायन एवं उर्वरक मंत्रालय (पेट्रोलियम विभाग) के पास पंजीकृत संविदाओं के आधार पर दी जाएगी। आयात पेट्रोलियम विभाग, नई दिल्ली द्वारा सम्बद्ध संविदाओं पर पंजीकरण के साक्ष्य के रूप में मोहर लगाने के बाद ही किए जाएंगे। इस प्रयोजन के लिए संविदाओं की दो प्रतियां पेट्रोलियम विभाग के पास जमा करनी चाहिए और वह प्रत्येक पृष्ठ पर विधिवत मोहर लगाने के बाद संविदा की एक प्रति पार्टी को लौटा देगें।

(14) (1) ऊनी चिथड़ो/रद्दी ऊन के मामले में आयातित माल की की निकासी सीमा-शुल्क निकासी माल के पूर्ण विकृत होने के बाद ही दी जाएगी।

(2) इस प्रयोजन के लिए ऊनी चिथड़ों की परिभाषा इस प्रकार दी गई है :—

(क) "नए"-ऊनी कपड़े के अवशेष चाहे वह बुने हुए या कढ़ाई किए हुए कपड़े के हों और जो वस्त्रों की कटाई करने के बाद बच जाते हों इनमें दर्जी द्वारा काट दिए गए वास्तविक टुकड़े, त्याग दिए गए नमूने और सेम्पल बिट्स भी शामिल है।

(ख) 'पुराने"-ऊनी कपड़े के वह चिथड़े (कटाई किए हुए और काटे से बुने हुए कपड़ो सहित) जो रद्दी यार्न के विनिर्माण के लिए आवश्यक हों और उनमें सजावटी मदें या फटे हुए कपड़े, मैले कपड़े या ऐसे कपड़े जो इस प्रकार से फट गए हों जिनकी धुलाई या मरम्मत नही की जा सकती हो, शामिल है।

(3) यह परिभाषा संश्लिष्ट चिथड़ों के लिए आवश्यक परिवर्तनों के साथ लागू होगी।

(15) महामारी नाशक और कीटाणुनाशक सहित कीटनाशक के मामलो में सम्बद्ध वास्तविक उपयोक्ता (औद्योगिक) प्रत्येक माल के परेषण की निकासी के सात दिनों के भीतर आयातित

मद, उसकी मात्रा और उसका लागत-बीमा भाडा मूल्य के ब्यौरे कृषि विभाग (वनस्पति संरक्षण विभाग) नई दिल्ली को सूचित करेगा।

(16) इस लाइसेंस के अधीन आयात द्वारा सम्बद औद्योगिक एकक का उत्पादन स्वीकृत प्राधिकृत क्षमता से अधिक नहीं होगा और सम्बद्ध एकक अपनी अनुमोदित समयबद्ध विनिर्माण कार्यक्रम के अनुपालन का सुनिश्चय करेगें।

(17) इस प्रकार आयात किया जाने वाला माल दक्षिण अफ्रीका संघ/दक्षिणी पश्चिमी अफ्रीका में तैयार अथवा विनिर्मित नहीं किया गया है।

(18) इस प्रकार के माल के पोतलदान किसी भी रियायती अवधि चाहे जो कुछ भी हो, के बिना 28-2-1982 को या इससे पूर्व खोले गए अपरिवर्तनीय साखपत्रों के मद्दे 31 मार्च, 1982 या 30 जून, 1982 को या इससे पूर्व भारत के लिए परेषण के माध्यम से कर दिए जाते हों।

(19) किसी भी माल के आवेदनपत्र पर उनके आयात पर कोई भी निषेध या विनियम जो उस माल का आयात करते समय लागू थे, प्रभावित करते है जो उनका इस लाइसेंस पर कोई प्रभाव नहीं होगा।

(20) यह लाइसेंस किसी भी समय वास्तविक उपयोक्ता (औद्योगिक) जब अन्य कानून या विनियमों की शर्तों के अधीन आता हो उसे दायित्व या किसी आवश्यकता को अनुपालन करने से कोई प्रतिरक्षा छूट या ढील प्रदान नहीं करता है। आयातक को इसके लिए लागू सभी अन्य कानूनों का अनुपालन करना चाहिए।

[मिसिल संख्या आई० पी० सी०] 3/8/80]

## MINISTRY OF COMMERCE

## IMPORT TRADE CONTROL

## ORDER NO. 1/81

## OPEN GENERAL LICENCE NO. 1/81

New Delhi, the 3rd April, 1981

**S.O. 269(E).**—In exercise of the powers conferred by Section 3 of the Imports and Exports (Control) Act, 1947 (18 of 1947), the Central Government hereby gives general permission to import into India from any country, except the Union of South Africa/South West Africa, raw materials, components, and consumables by Actual Users (Industrial), subject to the following conditions :—

(1) The items to be imported are not covered by Appendices 3, 5, 6, 7, 8, 9 and 15 of the Import Policy, 1981-82 ;

(2) The items to be imported are not those of which the import is allowed to eligible Export Houses and Small Industries Corporations of State Governments/Union Territories, under a separate Open General Licence ;

(3) Instruments shall not be allowed to be imported under this Licence ;

(4) The raw materials, components and consumables are required by the Actual User (Industrial) concerned for his own use, i.e. subject to the Actual User condition ;

(5) The Actual User shall maintain proper account of consumption and utilisation of the goods imported under this Licence in the form and manner laid down, and produce such account to the licensing authority, or any other Government authority within such time as may be specified by it ;

(6) Actual Users (Industrial), at the time of clearance of the goods, shall furnish to the customs authorities a declaration giving particulars of their licence/registration as Actual Users with the concerned authority and affirming that such licence/registration has not been cancelled or withdrawn or otherwise made in-operative. In cases, where separate registration number has not been allotted by the sponsoring authority concerned, the importer shall produce other evidence to the satisfaction of the customs authorities that he is licensed/registered as industrial unit ;

(7) Actual Users (Industrial) having provisional registration with the sponsoring authority will also be eligible to import raw materials, components and consumables under this Licence ;

(8) Actual Users (Industrial) having registration certificate issued by the sponsoring authority specifically marked "proposed" will also be eligible to import raw materials, components and consumables under this Licence, but in their case, the import will be allowed only to the State Industrial Development Corporation of State Financial Corporation on behalf of the Actual User, or on production of evidence, at the time of clearance, that the Actual User concerned has furnished a bond with a bank guarantee for a value equal to 25 per cent of the CIF value of the goods imported, to the effect that the Actual User shall furnish to the licensing authority cerned a certificate of the sponsoring authority in support of the unit having gone into production ;

(9) All Industrial units in large scale sector shall submit to the DGTD, New Delhi or other sponsoring authorities concerned, and the Department of Electronics, New Delhi, as appropriate to the item, periodical returns, indicating the description and the value of the items imported under this Licence. Industrial units in the small scale sector should send similar returns to the regional licensing authorities concerned. These returns shall be furnished as on 30th September, 1981 and 31st March, 1982. Each such return shall be furnished within 15 days of the close of the period indicated ;

(10) This Licence shall also be subject to the condition No 1 in Schedule V to the Imports (Control) Order, 1955 ;

(11) In respect of man made fibres, tow and yarns, every eligible importer shall be required to register his contracts with the Textile Commissioner, Bombay. Imports shall be made only after the concerned contracts have been stamped by the Textile Commissioner, Bombay as evidence of such registration. (For this purpose, two copise of the contract should be lodged with the Textile Commissioner and he will return one copy to the party duly stamped on each page);

(12) Import of man-made fibres, tow and yarns under this Licence can be made by the State Chemicals and Pharmaceutical Corporation of India (CPC), New Delhi for distribution to eligible Actual Users subject to the condition regarding prior registration of contracts with the Textile Commissioner, Bombay as in (11) above

(13) In the case of Caprolactum, import will be allowed only on the basis of the import contracts registered

with the Ministry of Petroleum, Chemicals and Fertilizers (Department of Petroleum). Imports shall be made only after the connected contracts have been stamped by the Department of Petroleum, New Delhi as evidence of such registration. (For this purpose, two copies of the contract should be lodged with the Department of Petroleum and they will return one copy to the party duly stamped on each page) ;

(14) (i) In the Case of woollen rags/shoddy wool /synthetic rags, clearance of imported goods will be allowed by the Customs authorities only after the goods have been completely mutilated.

(ii) Woollen rags for this purpose are defined as under:—

(a) 'New'—Waste woollen cloth whether woven or knitted which is left after a garment had been cut out including genuine tailor cutting piece ends, discarded pattern bunches and sample bits.

(b) 'Old'—Rags of woollen textile fabrics (including knitted and crocheted fabrics), which are required for manufacture of shoddy yarn and may consist of articles of furnishing or clothing or other clothing so worn out, soiled or torn as to be beyond cleaning or repair.

(iii) This definition shall apply mutis-mutandis to synthetic rags.

(15) In the case of insecticides including pesticides and weedicides, the Actual User (Industrial) concerned shall, within seven days of the clearance of each consignment, intimate to the Department of Agriculture (Plant Protection Division), New Delhi, particulars of the items imported, the quantity and the c.i.f. value thereof ;

(16) By import under this Licence, the production of the industrial unit concerned shall not exceed the licensed/authorised capacity, and the unit concerned shall ensure adherence to its approved phased manufacturing programme ;

(17) The goods so imported have not been produced or manufactured in the Union of South Africa/South West Africa ;

(18) Such goods are shipped on through consignment to India on or before 31st March, 1982 or on before 30th June, 1982 against firm orders for which irrevocable letters of credit are opened on or before 28th February, 1982, without any grace period whatso-ever ;

(19) Nothing in this Licence shall effect the application to any goods, of any other prohibition or regulation affecting the import thereof, in force at the time when such goods are permitted ;

(20) The licence does not confer any immunity, exemption or relaxation at any time from an obligation or compliance with any requirement to which the Actual Users (Industrial) may be subject to under other laws or regulations. The importers should comply with the provision of all other laws applicable to them.

[F. No. IPC/3/8/80]

**आदेश सं० : 2/81**

**खुला सामान्य लाइसेंस सं० : 2/81**

नई दिल्ली, 3 अप्रैल, 1981

का० आ० 270 (अ).—आयात-निर्यात (नियंत्रण) अधिनियम, 1947 (1947 का 18) के खंड-3 द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा 1981-82 की आयातनीति के परिशिष्ट 2 में विशिष्टिकृत विवरण के पूंजीगत माल का दक्षिणी अफ्रीका संघ/दक्षिणी पश्चिमी अफ्रीका को छोड़कर किसी भी देश से निम्नलिखित शर्तों के अधीन आयात करने की सामान्य अनुमति देती है.—

(i) आयातक वास्तविक उपयोक्ता शर्त के साथ अपने निजी कारखाने, वाणिज्यिक प्रतिष्ठान, संस्थान, व्यवसायिक कार्यालय या अन्य संबद्ध परिसर में उपयोग के लिए ऐसी मदों की आवश्यकता रखते हुए महानिदेशक तकनीकी विकास, नई दिल्ली या राज्य के संबद्ध उद्योग निदेशक या अन्य संबद्ध प्रायोजक या सरकारी प्राधिकारी के साथ पंजीकृत एक वास्तविक उपयोक्ता (औद्योगिक या गैर औद्योगिक) हो।

(ii) विषयाधीन पूंजीगत माल के आयात द्वारा आवेदक का उत्पादन लाइसेंस प्राधिकृत क्षमता से अधिक नहीं होगा ।

(iii) इस प्रकार आयात किया गया माल नए निर्माण का होगा । यदि वे पुरानी या मरम्मत की गई मदें होंगी तो उनके आयात की अनुमति केवल तब दी जाएगी जबकि मशीनरी केवल 10 वर्ष से अधिक पुरानी न हो और इसका शेष जीवन 5 वर्ष से कम न हो और जिस देश से आयात किया जाए उस देश के गनदी इंजीनियर का एक प्रमाणपत्र साक्ष्य के रूप में निकासी के समय सीमाशुल्क प्राधिकारी को उसके संतुष्टीकरण के लिए इस संबंध में प्रस्तुत किया जाए ;

(iv) आयातित माल की निकासी के समय वास्तविक उपयोक्ता (गैर-औद्योगिक) उसके द्वारा धारित उस पंजीकरण प्रमाणपत्र को मूल रूप में या फोटोस्टैट प्रति (वर्तमान में वैध) के रूप में सीमाशुल्क प्राधिकारियों को भेजेगा जो उसको आयात करने के लिए पात्रता प्रदान करते हुए शापस एंड इस्टेबलिशमेंट एक्ट, सिनेमैटोग्राफिक एक्ट या संबंध स्थानीय कानून के अंतर्गत जारी किया गया हो।

(v) माल की निकासी के समय वास्तविक उपयोक्ता (औद्योगिक), वास्तविक उपयोक्ता के रूप में संबद्ध प्राधिकरण के पास अपने लाइसेंस पंजीकरण के विवरण देते हुए और इस बात की पुष्टि करते हुए कि इस प्रकार का पंजीकरण रद्द नहीं किया गया है या वापस नहीं लिया गया है या अन्यथा रूप से उपयोग नहीं किया गया है, एक घोषणापत्र सीमाशुल्क प्राधिकरण को भेजेगें । उन मामलों में जहां संबद्ध प्रायोजक प्राधिकरण द्वारा अलग से लाइसेंस पंजीकरण

सं० नहीं दी गई है, आयातक को सीमा शुल्क प्राधिकरण की संतुष्टि के लिए इस संबंध में अन्य प्रमाण प्रस्तुत करने होंगे कि वह लाइसेंस-धारी है/औद्योगिक एकक के रूप में पंजीकृत है।

(vi) आयात किए गये पूंजीगत माल का विवरण देते हुए 30 सितम्बर, 1981 और 31 मार्च, 1982 को उनके लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य का विवरण देते हुए आयातक मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली के कार्यालय में सांख्यिकी निदेशक को आवधिक विवरण पत्र भेजेगा। ऐसा प्रत्येक विवरण पत्र निर्दिष्ट अवधि के समाप्त होने के 15 दिनों के भीतर भेजा जाएगा।

(vii) इस तरह आयात किया जाने वाला माल दक्षिण अफ्रीका संघ/दक्षिण पश्चिमी अफ्रीका में तैयार अथवा विनिर्मित न किया गया हो।

(viii) ये माल 31 मार्च, 1982 को अथवा उससे पहले बिना कोई अवधि बढ़ाये जो भी हो भारत को परेषण के जरिये भेजे गए हों या 28-2-1982 को या इससे पूर्व विदेशी मुद्रा विनिमय के व्यापारी (बैंक) के साथ पंजीकृत और की गयी पक्की संविदा के मद्दे 31-3-1983 को या इससे पूर्व लदान कर दिए गए हों।

(ix) यह लाइसेंस आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 की अनुसूची-5 में शर्त-1 के अधीन होगा।

(x) इस प्रकार का माल आयात करते समय लागू कोई भी विशेष अथवा उसके आयात को प्रभावित करने वाला विनियम इस लाइसेंस के अंतर्गत किसी भी प्रकार के माल के आयातों को प्रभावित नहीं करेगा।

[सि० सं० आई० पी० सी०/3/8/80]

ORDER NO. 2/81

**Open General Licence No. 15/81**

New Delhi, the 3rd April, 1981

**S.O. 270(E).**—In exercise of the powers conferred by tion 3 of the Imports & Exports (Control) Act, 1947 (18 of 1947), the Central Government hereby gives general permission to import into India from any country, except the Union of South Africa/South West Africa, goods of the desthe description specified in Appendix 2 of Import Policy, 1981-82, subject to the following conditions :

(i) The importer is an Actual User (Industrial) or Non-Industrial) registered with the DGTD, New Delhi or the concerned State Director of Industries or other sponsoring or the Government authority concerned, as the case may be, requiring such items for use in his factory, commercial establishment, institution, professional office or other premises concerned, subject to "Actual User" condition ;

(ii) By import of the Capital Goods, in question, the production of the applicant shall not exceed the licensed/authorised capacity ;

(iii) The goods so imported shall be of new manufacture. If they are second-hand or reconditioned items, their import will be permitted only if the machinery is not more than ten years old and its remaining life is not less than five years, and evidence to this effect in the form of a certificate of a Chartered Engineer in the country from which the import is made, is produced to the satisfaction of the customs authority at the time of clearance ;

(iv) Actual Users (Non-Industrial) shall, at the time of clearance of the imported goods, furnish to the customs authorities the original or a photostat copy of the (currently valid) Registration Certificate held by them under the Shops and Establishments, Act, Cinematographic Act, or concerne local statute, entitling them to effect the imports ;

(v) Actual User (Industrial) shall produce to the Customs authorities concerned at the time of clearance, a declaration giving particulars of his licence/registration, as an industrial unit with the concerned authorities, and affirming that such licence/registration has not been cancelled or withdrawn or otherwise made inoperative. In cases, where separate registration number has not been allotted by the sponsoring authority concerned, the importer shall produce other evidence to the satisfaction of the customs authorities that he is licensed/registered as industrial unit ;

(vi) The importer shall furnish periodical returns to the Director of Statistics, Office of the Chief Controller of Imports & Exports, New Delhi, giving the description of Capital Goods imported and their c.i.f. value as on 30th September, 1981 and 31st March, 1982. Each such return shall be furnished within 15 days of the close of the period indicated ;

(vii) The goods so imported have not been produced or manufactured in the Union of South Africa/South West Africa ;

(viii) Such goods are shipped on through consignment to India on or before 31st March, 1982, or shipped on or before the 31st March, 1983 against a firm contract entered into and and registered with a foreign exchange dealer (Bank) on or before 28th February, 1982, without any grace period whatsoever ;

(ix) This Licence shall also be subject to the condition No. 1 in Schedule V to the Imports (Control) Ordere, 1955 ;

(x) Nothing in this Licence shall affect the application to any goods, if any other prohibition or regulation affecting the import thereof, in force, at the time when such goods are imported.

[F. No. IPC/38/80]

**आदेश सं० 3/81**

**खुला सामान्य लाइसेंस सं० 3/81**

नई दिल्ली, 3 अप्रैल, 1981

का० आ० 271 (अ) :—आयात तथा निर्यात (नियंत्रण) अधिनियम 1947 (1947 का 18) के खण्ड 3 द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा निम्नलिखित शर्तों के अधीन दक्षिण अफ्रीका दक्षिण पश्चिम अफ्रीका संघ को छोड़कर विश्व के किसी भी देश से 1981-82 की आयात नीति की निषेध मदों की सूची (परिशिष्ट 3, 6 तथा 30) में भिन्न अर्थात वे सभी पुर्जे जो फालतू पुर्जों के रूप में अपेक्षित हैं, अनुमेय फालतू पुर्जों का भारत में आयात करने की सामान्य अनुमति देती है तथा जो पूंजीगत माल के अनुरक्षण

के लिए अपेक्षित है जिनमें अनुषंगी, सहायक उपस्कर, नियंत्रण तथा लेबोरिटरी उपस्कर तथा सुरक्षा संयंत्र भी शामिल हैं जिन्हें वास्तविक उपयोक्ताओं (औद्योगिक) और (गैर औद्योगिक) द्वारा 1 अप्रैल, 1981 को स्थापित किया गया था का आयात उनके द्वारा इस्तेमाल किया जा रहा था :—

(1) वास्तविक प्रयोक्ता (औद्योगिक) निकासी के समय सीमा शुल्क प्राधिकारियों को अपने औद्योगिक लाइसेंसों/पंजीकरण प्रमाणपत्रों का विवरण देते हुए एक ऐसी घोषणापत्र देंगे जिसमें इस बात की पुष्टि होगी कि इन पंजीकरणों को निरसित नहीं किया गया अथवा वापिस नहीं लिया गया है अथवा उनका अन्यथा रूप में उपयोग नहीं किया गया है। जिन मामलों में सम्बन्धित प्रायोजक पृथक पंजीकरण प्राधिकारियों द्वारा नियत नहीं किया गया है, आयातक सीमा शुल्क प्राधिकारियों की इस संतुष्टि के लिए अन्य प्रमाण प्रस्तुत करेगा कि वह अनुमेय है। औद्योगिक एकक के रूप में पंजीकृत है।

(2) माल की निकासी के समय प्रयोक्ता (गैर औद्योगिक) दुकान और स्थापना अधिनियम (सिनेमेटोग्राफिक अधिनियम अथवा उपयुक्त स्थानीय अधिनियम के अन्तर्गत उनके द्वारा प्राप्त पंजीकरण प्रमाण-पत्र की मूल अथवा फोटोस्टेट (वर्तमान समय में वैध) प्रति सीमा शुल्क प्राधिकारियों को प्रस्तुत करेंगे जो आयात को प्रभावी बनाने के लिए उन्हें हकदार बनाएगी।

(3) संगणक प्रणाली के मामले में अनुमेय फालतू पुर्जों के आयात की अनुमति आयातित संगणक के लागत-बीमा भाड़ा मूल्य के 3 प्रतिशत पर या देशी विनिर्मित संगणक प्रणाली खरीद मूल्य के 1/2 प्रतिशत पर दी जाएगी व आयातित माल की निकासी के समय, जैसा भी मामला हो आयात की सीमा शुल्क प्राधिकारी को सनदी लेखापाल/लागत लेखापाल या सम्बन्धित प्रयोजित प्राधिकारी को लागत-बीमा भाड़ा-मूल्य या संगणक प्रणाली की खरीद मूल्य को प्रदर्शित करते हुए एक प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना चाहिए उन्हें इस सम्बन्ध में एक घोषणापत्र भी देना चाहिए जिस परेषण की निकासी की जानी है उसके लागत बीमा भाड़ा मूल्य सहित उसी अवधि में इस प्रकार से पहले ही आयात किए गए माल का लागत बीमा भाड़ा मूल्य अनुमेय सीमा से ज्यादा नहीं हो। सनदी/लागत लेखापाल को आवेदक फर्म या उसकी सहायक शाखाओं का भागीदार या संचालक या कर्मचारी नहीं होना चाहिए।

(4) वे लघु क्षेत्र के एकक जिनके अन्तिम पंजीकरण सम्बद्ध प्रायोजित प्राधिकारियों के पास हैं, वास्तविक प्रयोक्ताओं की ऊपर विनिर्दिष्ट शर्तों के अधीन इस लाइसेंस के अन्तर्गत माल आयात करने के पात्र है।

(5) वास्तविक उपयोक्ता इस लाइसेंस के अन्तर्गत आयातित माल के उपयोग का निर्धारित रूप और विधि से उचित लेखा रखेगा और ऐसे लेखों का लाइसेंस प्राधिकारी या अन्य सरकारी प्राधिकारी को उनके द्वारा विनिर्दिष्टकृत समय के भीतर प्रस्तुत करेगा।

(6) यह लाइसेंस आयात (नियंत्रण) आदेश 1955 की अनुसूची-5 में मर्द-1 के अधीन होगी।

(7) वास्तविक उपयोक्ता 30-9-1981 और 31-3-1982 को नीचे लिखे गए प्राधिकारियों को एक आवधिक विवरण प्रस्तुत करेगा जिसमें (क) आयातित मदों के कुल लागत बीमा भाड़ा मूल्य और (ख) ऐसी आयातित मदों के ब्यौरे जिन का कुल लागत बीमा-भाड़ा मूल्य 2 लाख रुपए से अधिक हो को दर्शाया जाएगा।

(1) बृहत पैमाने के क्षेत्र में औद्योगिक एककों के मामले में सम्बद्ध प्रयोजक प्राधिकारी

(2) अन्य वास्तविक उपयोक्ताओं के मामले में सम्बद्ध क्षेत्रीय लाइसेंस प्राधिकारी। प्रत्येक ऐसा विवरण उपर्युक्त संकेतित अवधि के समाप्त होने के 15 दिनों के भीतर भेजा जाएगा।

(8) इस तरह आयात किया जाने वाला माल दक्षिण अफ्रीका संघ/दक्षिण पश्चिमी अफ्रीका में तैयार अथवा विनिर्मित न किया गया हो।

(9) ये माल 31 मार्च, 1982 को अथवा उससे पहले बिना कोई अवधि बढ़ाये जो भी हो भारत को परेषण के जरिए भेजे जाते हैं या 28-2-1982 को या इससे पूर्व विदेशी मुद्रा विनियम के व्यापारी (बैंक) के साथ पंजीकृत और की गई पक्की संविदा के मद्दे 31-3-1983 को या इससे पूर्व लदान कर दिए जाते है।

(10) इस प्रकार का माल आयात करते समय लागू कोई भी निषेध अथवा उसके आयात को प्रभावित करने वाला विनियम इस लाइसेंस के अन्तर्गत किसी भी प्रकार के माल के आयातों को प्रभावित नहीं करेगा।

[सं० संख्या आई० पी० सी०/3/8/80

ORDER NO. 3/81

**OPEN GENERAL LICENCE NO. 3/81**

New Delhi, the 3rd April, 1981

**S.O. 271(E).**—In exercise of the powers conferred by Section 3 of the Imports & Exports (Control) Act, 1947 (18 of 1947), the Central Government hereby gives the general permission to import into India from any country, except the Union of South Africa/South West Africa, "permissible" spares i.e. all these parts required as spares, other than the items appearing in the banned lists (Appendices 3, 6 and 30) in the Import Policy, 1981-82, as are required for their own use for maintenance of Capital Goods, including accessories, ancillary equipment, control and laboratory equipments and safety appliances, installed or in use as on 1st April, 1981, by Actual Users (Industrial) as well as (Non-Industrial), subject to the following conditions :—

(i) Actual Users (Industrial) will furnish to the customs authorities, at the time of clearance, a declaration giving particulars of their industrial licence/registration certificates, as appropriate, and solemnly affirming that such licence/registration has not been cancelled or withdrawn or otherwise made inoperative. In cases where a separate registration number has not been allotted by the sponsoring authority concerned, the importer shall produce other evidence to the satisfaction of the customs authorities that he is licensed/registered as an industrial unit ;

(ii) Actual Users (Non-Industrial) shall, at the time of clearance of the goods, furnish to the customs authorities, the original or a photostat copy of the (currently valid) registration certificates held by them under the Shops and Establishment Act, Cinematographic Act or appropriate local statute, entitling them to effect the imports ;

(iii) In the case of computer systems, import of permissible spare parts will be allowed at 3 per cent of the c.i.f. value of imported computers of 1/2 per cent of the purchase price of the indigenously manufactured computer systems. At the time of clearance of the imported goods, the importers should furnish to the customs authorities, a certificate from Chartered/Cost Accountants or the sponsoring authority concerned showing the c.i.f. value or the purchase price of the computer system, as the case may be. They should also furnish a declaration to the effect that the c.i.f. value of such goods already imported during the same financial year does not exceed the permissible limit, including the c.i.f. value of the consignment to be cleared. The Chartered/Cost Accountant should not be a partner or a Director or an employee of the applicant firm or its associates ;

(iv) Small scale units having provisional registration with the sponsoring authorities concerned will be eligible to import goods under this Licence, subject to Actual User condition ;

(v) The Actual User shall maintain proper account of utilisation of the goods imported under this Licence in the form and manner laid down, and produce such account to the licensing authority or any other Government authority within such time as may be specified by it ;

(vi) This Licence shall also be subject to the Condition No. 1 in Schedule V to the Imports (Control) Order, 1955 ;

(vii) The Actual Users shall furnish periodical returns, as on 30th September, 1981 and 31st March, 1982, to the authorities mentioned below, indicating (a) the total c.i.f. value of the items imported and (b) description of such of the items imported of which the total c.i.f. value exceeds Rs. 2 lakhs :—

(i) sponsoring authorities concerned in the case of industrial units in the large scale sector ; and

(ii) regional Import licensing authorities concerned, in the case of other Actual Users.

Each such Return shall be sent within 15 days of the class of the period indicated.

(viii) The goods so imported have not been produced or manufactured in the Union of South Africa/South West Africa ;

(ix) Such goods are shipped on through consignment to India on or before 31st March, 1982, or shipped on or before 31st March, 1983 against a firm contract entered into and registered with a foreign exchange dealer (Bank) on or before 28th February, 1982, without any grace period whatsoever ;

(x) Nothing in this licence shall affect the application to any goods, of any prohibition or regulation affecting the import thereof, force, at the time when such goods are imported.

[F. No. IPC/3/8/80]

**आदेश संख्या 4/81**

**खुला सामान्य लाईसेंस सं० 4/81**

नई दिल्ली, 3 अप्रैल, 1981

**का० आ० 272 (अ)** :—आयात तथा निर्यात (नियंत्रण) अधिनियम, 1947 (1947 का 18) के खण्ड 3 द्वारा प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार दक्षिण अफ्रीका संघ दक्षिण पश्चिम अफ्रीका और रोडेशिया को छोड़कर विश्व के किसी भी देश से नीचे विशिष्टिकृत माल का आयात करने के लिए सामान्य अनुमति प्रदान करती है :—

(1) 2000 रुपए मूल्य तक का व्यापार सम्बन्धी सूची पत्रों और परिपत्रों के मुक्त उपहार,

(2) मशीनरी और संयंत्र स्थानों, कार्य और निर्माण अनुसंधान आंकड़ों से सम्बन्धित वे खाके और ड्राइंग (माइक्रो फिल्म सहित) जो मुफ्त में संभरित किए जाते हैं और जिनका कोई भी वाणिज्यिक मूल्य नहीं है।

(3) एक प्रेषण में अधिकतम 10,000 रुपए के लागत बीमा-भाड़ा मूल्य तक के मुफ्त में संभरित किए जाने वाले मूल तकनीकी और व्यापार संबंधी नमूने जिनमें वनस्पति बीज, मधु-मक्खियां, नाय और नए भेषज शामिल नहीं है।

(4) एक ही प्रेषण में 2,000 रुपए के लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य तक के मुफ्त में संभरित की जाने वाली मूल विज्ञापन सम्बन्धी सामग्री।

(5) विदेशी संभरकों द्वारा मुफ्त में संभरित माल या जो माल पहले आयात किया गया हो परन्तु जो उपयोग के लिए त्रुटिपूर्ण या अनुपयुक्त पाया गया हो या आयात के बाद खो गया हो/टूट-फूट गया हो उसके बदले में किसी बीमा कम्पनी द्वारा तय किए गए बीमा (समुद्रीय) या समुद्रीयत्व

निर्माता वाले के मद्दे आयातित माल, बशर्ते कि :—

(क) प्रतिस्थापन वाले माल का पोतलदान पहले आयात किए गए माल की सीमा शुल्क के माध्यम से निकासी की तिथि से 24 महीनों के भीतर किया गया हो या मशीनों और उनके पुर्जों के मामले में यदि ऐसी अवधि 24 महीनों से अधिक हो तो पोतलदान गारंटी अवधि के भीतर किया गया हो;

(ख) जिस मामले में विदेशी संभरक द्वारा माल का प्रतिस्थापन इस शर्त के अधीन हो कि आयातक प्रतिस्थापन के लिए बीमे और या भाड़े का भुगतान करेगा और धन परेषित करते समय इस सम्बन्ध में दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत किया गया हो तो ऐसे मामले के अतिरिक्त किसी भी प्रकार के धन परेषण की अनुमति नहीं दी जाएगी ;

(ग) प्रतिस्थापन माल की निकासी के समय निम्नलिखित दस्तावेज सीमा-शुल्क प्राधिकारियों की संतुष्टि के लिए प्रस्तुत किए जाएंगे :—

(1) मुफ्त प्रतिस्थापन के मामले में विदेशी संभरक से साक्ष्य के रूप में यह प्रदर्शित करते हुए मूल पत्र कि माल मुफ्त संभरित किया जा रहा है,

(2) लायड्स एजेन्ट से या किसी अन्य प्राधिकृत बीमा सर्वेक्षक से सर्वेक्षण प्रमाणपत्र या मशीन या उसके पुर्जों के मामले में व्यवसायी स्वावलम्बी सनदी इंजीनियर (या सरकारी विभागों और सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थानों के मामले में मुख्य कार्य प्रभारी) से इस सम्बन्ध में प्रमाणपत्र कि पहले आयात किया गया माल वास्तव में त्रुटिपूर्ण दशा में प्राप्त किया गया था और उसके प्रतिस्थापन की आवश्यकता थी,

(3) जिस मामले के उपर्युक्त उप-खंड (क) में निर्धारित 24 महीनों की अवधि के बाद पोतलदान किया गया हो उस मामले में मशीनों या उनके पुर्जों के लिए विदेशी संभरक या माल परेषक द्वारा गारंटी की अवधि प्रदर्शित करते हुए साक्ष्य,

(4) नए सिरे से धन परेषण वाले प्रतिस्थापन आयात के मामले में बीमा कंपनी द्वारा मांगे गए भुगतान का साक्ष्य। प्रतिस्थापन आयात की अनुमति बीमा कंपनी द्वारा निर्णीत मांग के मूल्य तक दी जाएगी, परन्तु इस धन राशि में 10 प्रतिशत तक की वृद्धि की अनुमति प्रतिस्थापन के रूप में आयात की जाने वाली मशीनरी के मूल्य में वृद्धि के कारण दी जा जा सकती है।

(6) भारत के औषधि नियंत्रक नई दिल्ली के पूर्व और लिखित अनुमोदन के साथ और उसके द्वारा निर्धारित किसी शर्त के अधीन रोग विषयक परीक्षणों के लिए मुफ्त में संभरित भेषज और औषधियां/औषधि नियंत्रक का अनुमोदन माल की निकासी के समय सीमा शुल्क प्राधिकारियों की संतुष्टी के लिए प्रस्तुत किया जाएगा।

(7) विदेशी संभरकों द्वारा भारत में थोक एजेन्टों को मुफ्त में संभरित भेषजों और औषधियों के मूल व्यापार नमूने जो एक परेषण में लागत-बीमा-भाडा मूल्य में 10 हजार रुपए से अधिक के न हों और भारत के औषधि नियंत्रक, नई दिल्ली की लिखित सिफारिश के साथ जो कि माल की निकासी के समय सीमा शुल्क प्राधिकारियों की संतुष्टि के लिए प्रस्तुत की जाएगी।

(8) भारत के औषधि नियंत्रक, नई दिल्ली की लिखित सिफारिश जो माल की निकासी के समय सीमा शुल्क प्राधिकारियों की संतुष्टि के लिए प्रस्तुत की जाएगी के आधार पर मुफ्त में या भुगतान पर संभरित मानव टीके और सेरा।

(9) राज्य पशुपालन निदेशक अथवा पशु पालन आयुक्त भारत सरकार, नई दिल्ली की लिखित सिफारिश पर निःशुल्क, अथवा भुगतान के मुद्दे भेजे गए पशु टीके जिसमें मुर्गी पालन टीके भी शामिल हैं, जिनके लिए लिखित अनुमति निकासी के समय सीमा-शुल्क प्राधिकारियों की संतुष्टि के लिए प्रस्तुत की जाती है।

(10) कृषि विभाग, नई दिल्ली के अधीन केन्द्रीय कीटनाशक बोर्ड के लिखित अनुमोदित पर मुफ्त संभरित किए गए कीटनाशकों (महामारी नाशक और घास-पात नाशक सहित) के तकनीकी और व्यापार नमूने जिनके लिए लिखित अनुमति निकासी के समय सीमा शुल्क प्राधिकारियों की संतुष्टि के लिए प्रस्तुत की जाती है।

(11) उपर्युक्त क्रम सं० 6 से 10 में दर्शाई गई मदों के सम्बन्ध में, जहां पर मदें मुफ्त भेजी गई हो अनुमेय माल के आयात की अनुमति उपभोक्ता या खुदरा पेकिंग में नहीं होगी और प्रेषित माल

पर साफ-साफ अक्षरों में "नमूने बिक्री के लिए नहीं" अंकित होगा ।

(12) इस लाइसेंस के अन्तर्गत आयातित व्यापार सूचीपत्र एवं परिपत्र खाके एवं ड्राइंग और तकनीकी अथवा व्यापार नमूने आयात के निजी उपयोग के लिए और उनको बेचा नहीं जाएगा ।

(13) किसी माल के लिए उसके आयात की प्रभावी करने वाला कोई अन्य निषेध या विनियम होगा तो ऐसे माल के आयात के समय उसका इस लाइसेंस पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा ।

(14) यह लाइसेंस खुले सामान्य लाइसेंस संख्या-4/80 का अतिक्रमण करता है जो कि आयात व्यापार नियंत्रण आदेश संख्या 10/80 दिनांक 15 अप्रैल, 1980 के अन्तर्गत प्रकाशित किया गया था ।

[मि० संख्या आई०पी०सी 3/80]

ORDER NO. 4/81

**Open General Licence No. 4/81**

New Delhi, the 3rd April, 1981

**S.O. 272(E).**—In exercise of the powers conferred by Section 3 of the Imports and Exports (Control) Act, 1947 (18 of 1947) the Central Government gives general permission for importation of the goods specified below from any country in the world, except the Union of South Africa/South West Africa :—

Free gift of trade catalogues and circulars upto a value of Rs. 2,000 ;

(2) Blue prints and drawings (including micro films) relating to machinery and plant sites, work and building, research data, supplied free of charge and having no commercial value ;

(3) Bonafide technical and trade samples supplied free of charge not exceeding Rs. 10,000/- in c. i. f. value, in one consignment, excepting vegetable seeds, bees, tea and new drugs ;

(4) Bona-fide advertising material supplied free of charge not exceeding Rs.2,000/-in c.i.f. value, in one consignment;

(5) Goods supplied free of charge by foreign suppliers or imported against an insurance (marine) or marinecum-erection insurance claim settled by an Insurance Company, in replacement of the goods previously imported but found defective or otherwise unfit for use or lost|damaged after import, provided that :

(a) the shipment of replacement goods is made within 24 months from the date of clearance of the previously imported goods through the customs or within the guarantee period in the case of machines or parts thereof, where such period is more than 24 months;

(b) No remittance shall be allowed, except for payment of insurance and freight charges the replacement of goods by the foreign suppliers in subject to the payment of insurance and/or freight by the importer and documentary evidence to this effect is produced at the time of making the remittance;

(c) the following documents shall be produced to the satisfaction of the customs authorities, at the time of clearance of the replacement goods :—

(i) original letter from the foreign supplier as evidence of goods being supplied free of cost, in the case of free replacement;

(ii) a survey certificate issued by the Lloyds Agents or any other authorised insurance surveyors or in the case of machine or parts thereof, a certificate from a professional, independent chartered engineer, (or Chief Executive in the case of Government Departments and Public sector undertakings) to the effect that goods previously imported were actually received in defective condition and required replacement;

(iii) evidence showing the period of guarantee given by the foreign manufacturers or consigners in the case of machines or parts thereof, where shipment takes place after the period of 24 months stipulated in sub-clause (a) above;

(iv) evidence of settlement of claim by the insurance company, in the case of replacement import involving fresh remittances. Replacement imports will be allowed upto the value of the claim settled by the insurance company, but an increase upto ten per cent of this amount may be allowed owing to the increase in the value of the machinery to be imported in replacement;

(6) Drugs and medicines supplied free of charge for clinical trials with the prior written approval of the Drugs Controller of India, New Delhi and subject to any conditions laid down by him. The approval of the Drugs Controller shall be produced to the satisfaction of the customs authorities at the time of clearance;

(7) Bona-fide trade samples of drugs and medicines supplied free of charge to the sole agents in India of the foreign suppliers, not exceeding Rs. 10,000 in c.i.f value in one consignment, on the written recommendation of the Drugs Controller of India, New Delhi to be produced to the satisfaction of the customs authorities at the time of clearance;

(8) Human vaccines and sera supplied free of charge or against payment, on the written recommendation of the Drugs Controller of India, New Delhi to be produced to the satisfaction of the customs authorities at the time of clearance;

(9) Animal including poultry vaccines, supplied free of charge or against payment, on the written recommendation of either the State Director of Animal Husbandry or the Animal Husbandry Commissioner to the Government of India, New Delhi, to be produced to the satisfaction of the customs authorities at the time of clearance;

(10) Technical and trade samples of the insecticides (including pesticides and weedicies), supplied free of charge, on the written approval of the Central Insepcticides Board under the Department of Agriculture, New Delhi, to be produced to the satisfaction of the customs authorities at the time of clearance;

(11) In respect of items covered by Sl. Nos. (6) to (10) above, where the items are supplied free of charge, import of the permissible material shall not be allowed in consumer or retail packing and the consignment shall be clearly marked "sample not for sale";

(12) Trade catalogues and circulars, blue prints and drawings, and technical or trade samples imported under this licence are for the use of the importers themselves and shall not be sold;

(13) This Licence is without prejudice to the application to any goods, of any other prohibition or regulation affecting the import that may be in force at the time when such goods are imported;

(14) This licence is in supersession of Open General Licence No. 4/80 published vide Import Trade Control Order No. 10/80, dated the 15th April, 1980

[F. No IPC|3|8|80]

**आदेश सं० 5/81**

**सामान्य खुला लाइसेंस सं० : 5/81**

नई दिल्ली, 3 अप्रैल, 1981

**का०आ० 273(अ)**—विकास आयात तथा निर्यात (नियंत्रण), अधिनियम, 1947 (1947 का 18) की धारा 3 के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय

सरकार एतद्द्वारा निम्नलिखित शर्तों के अधीन किसी भी अनुसंधान एवं विकास इकाई वैज्ञानिक अथवा अनुसंधान प्रयोगशाला, उच्च शिक्षा संस्थान एवं चिकित्सालय जो केन्द्रीय अथवा राज्य सरकार द्वारा प्राधिकृत है द्वारा अपेक्षित कच्चे माल , संघटकों , उपभोज्य, मशीनरी, उपकरण, उपस्कर, उप-साधक और फालतू पुर्जों की मदो का दक्षिणी अफ्रीका दक्षिण पश्चिम अफ्रीका को छोड़कर किसी भी देश से भारत में आयात करने के लिये सामान्य अनुमति प्रदान करती है :—

(1) आयातक निकासी के समय सीमा-शुल्क प्राधिकारियो को जैसा भी मामला हो, केन्द्रीय अथवा राज्य सरकार द्वारा अपनी मान्यता का विवरण देते हुए और यह घोषणा करते हुए कि आयातित मदे उनके अपने उपयोग के लिये अपेक्षित है, एक घोषणापत्र प्रस्तुत करेगा । अनुसंधान और विकास एककों के मामले में, वे यह भी घोषणा करेगी कि आयातित माल अनुसंधान और विकास के प्रयोजनार्थ चाहिये ।

(2) उपभोज्य माल की मदें जिनका विवरण किसी भी प्रकार से किया गया हो, इस लाइसेंस के अन्तर्गत आयात के लिये अनुमेय नहीं होगी । इस लाइसेंस के अन्तर्गत मशीन का आयात भी अनुमेय नही होगा ।

(3) इस प्रकार आयातित माल का उत्पादन अथवा विनिर्माण दक्षिण अफ्रीका/दक्षिण पश्चिम अफ्रीका संघ में नहीं किया गया है ।

(4) कम्प्यूटर प्रणाली और फालतू पुर्जों के संबंध में आयात की अनुमति इलैक्ट्रानिक विभाग, नई दिल्ली द्वारा निकासी प्रदान करने पर ही दी जायेगी ।

(5) आयातक पत्तन माल की निकासी के 30 दिनों के भीतर नीचे संकेतित प्राधिकारी को प्रत्येक एक लाख रुपये अथवा इससे अधिक मूल्य के लिये उनके द्वारा आयातित माल का विवरण प्रस्तुत करेगा ।

(1) अनुसंधान एवं विकास एककों और वैज्ञानिक तथा अनुसंधान प्रयोगशालाओं के मामले में विज्ञान एवं तकनीकी विभाग, नई दिल्ली ।

(2) इलैक्ट्रोनिक मदों के संबंध में इलैक्ट्रोनिक्स विभाग, नई दिल्ली ।

(3) तकनीकी विकास महानिदेशालय, नई दिल्ली दिल्ली को उन मामलों पर जहां पर एकक उनके पास पंजीकृत किया गया हो ।

(4) चिकित्सालय और उच्च शिक्षा संस्थानों के मामलों में, जैसा भी मामला हो, संबंधित केन्द्रीय अथवा राज्य सरकार का प्रशासकीय मंत्रालय ।

(6) यह लाइसेंस आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 की अनुसूची 5 मे शर्त-1 के भी अधीन होगा ।

(7) ऐसे माल बिना किसी बढ़ाई गई अवधि के जो भी कुछ हो, 31 मार्च, 1982 तक अथवा उससे पूर्व भारत मे प्रेषित किये गये हो अथवा 28 फरवरी, 1982 को या उससे पहले विदेशी मुद्रा विनिमय के व्यापारी (बैंक) के साथ की गई पक्की संविदा और पंजीकरण के मद्दे मशीनरी उपकरण फालतू पुर्जों के मामले में जो 31 मार्च, 1983 को अथवा इससे पहले प्रेषित किये गये हो ।

(8) इस लाइसेंस के अन्तर्गत ऐसे माल के आयात के समय किसी भी वस्तु के लिये लागू उसके आयात पर प्रभाव डालने वाला किसी भी निषेध अथवा विनियम पर प्रभाव नही पड़ेगा ।

[मिसिल सं० आईपीसी/3/8/80]

ORDER No. 5|81

**Oper General Licence No. 5/81**

New Delhi, the 3rd April, 1981

**S.O. 273(E).**—In exercise of the powers conferred by Section 3 of the Imports and Exports (Control) Act, 1947 (18 of 1947), the Central Government hereby gives general permission to import into India from any country except the Union of South Africa/South West Africa items of raw materials, consumables, machinery, equipment, instruments, accessories and spares, required by any research and development unit, scientific or research laboratory, institution of higher education and hospitals, recognised by the Central or State Governments, subject to the following conditions :—

